State of Illinois
Illinois Department on Aging

IDoA
Illinois Department on Aging

COVID-19 वैक्सीन

बुजुर्गों के लिए जानकारी

COVID-19 का टीका आ रहा है! आपको टीके की दो ख़ुराकों की ज़रूरत हो सकती है; कृपया अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता या स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से पूछें। टीका नि:शुल्क उपलब्ध होगा।

मुझे टीका क्यों लगवाना चाहिए?

यदि बुजुर्ग COVID-19 से ग्रस्त हो जाते हैं तो उनमें गंभीर अस्वस्थता होने और उन्हें अस्पताल में भर्ती किए जाने की ज़रूरत पड़ने का अधिक जोख़िम होता है। शोध से पता चला है कि टीका COVID-19 की रोकथाम में 95% प्रभावी है। COVID-19 का टीका आपको, आपके परिवार को, और आपके समुदाय को स्वस्थ व सुरक्षित रखने में मददगार होगा।

क्या टीका सुरक्षति है?

हम यह बात समझते हैं कि कुछ लोगों को टीका लगवाने के विषय में चिंता हो सकती है। COVID-19 के टीके की निरापदता यानि उसके हानिरहित होने का निर्धारण करने और खाद्य एवं दवा प्रशासन (फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) से स्वीकृति लेने के लिए वैज्ञानिक डेटा एवं अन्य जानकारी उत्पन्न करने के उद्देश्य से इस टीके का हज़ारों प्रतिभागियों पर परीक्षण किया गया था।

दुष्प्रभाव

इसके अल्पकालिक साइड इफ़ेक्ट हल्के-फुल्के हैं और उनमें बुख़ार, थकान, पेशियों और जोड़ों में दर्द, कंपकंपी, और बांहों में दुखन शामिल हो सकते हैं। वे कुछ दिनों में चले जाएंगे, पर वे सामान्य हैं और इस बात का संकेत हैं कि आपका शरीर वायरस के विरुद्ध अपनी सुरक्षा मजबूत कर रहा है।

मथिक बनाम तथ्य

मिथक: यदि मैं COVID-19 का टीका लगवाता/ती हूं तो मैं अन्य रोगों के प्रति अधिक असुरक्षित हो जाऊंगा/गी।

तथ्य: हालांकि COVID-19 का टीका आपके प्रतिरक्षा तंत्र को कोरोनावायरस की पहचान करना और उसके विरुद्ध सुरक्षा देना सिखाएगा, पर ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि यह आपको अन्य रोगों के प्रति असुरक्षित बना देगा।

मिथक: टीका लगवाने के बाद मुझे मास्क पहनने की ज़रूरत नहीं होगी।

तथ्य: जब तक स्वास्थ्य विशेषज्ञ COVID-19 के टीकों से मिलने वाली सुरक्षा के बारे में और जानकारी एकत्र कर रहे हैं, तब तक हर किसी के लिए यह महत्वपूर्ण होगा कि वे मास्क पहनना, बारंबार हाथ धोना, और सामाजिक दूरी व्यवहार में लाना जारी रखें।

अपने क्षेत्र में COVID-19 टीकाकरण के बारे में पूछने के लिए अपने स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें:
http://www.idph.state.il.us/LHDMap/HealthRegions.aspx

इलिनॉय जन स्वास्थ्य विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल्थ) COVID-19 टीका साइट:
http://dph.illinois.gov/covid19/vaccine-faq

COVID-19 और इलिनॉय की प्रतिक्रिया एवं मार्गदर्शन के बारे में सामान्य प्रश्नों के लिए,
1-800-889-3931 पर कॉल करें या DPH.SICK@ILLINOIS.GOV पर ईमेल भेजें।